**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1942**

दिनांक 06 दिसम्बर, 2024 को उत्तर के लिए

**कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव अभियान**

**1942. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव अभियान की सफलता का मूल्यांकन पूरा हो चुका है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) स्कूल न जाने वाले उन बच्चों का ब्यौरा क्या है जिन्हें परामर्श देने के बाद समयबद्ध शिक्षा प्रणाली में वापस लाया गया है;

(घ) क्या इसी प्रकार का अन्य कोई अभियान/योजना का कार्यान्वयन हेतु तैयार किया गया है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

(क) से (ग): स्कूल न जाने वाली किशोरियों (ओओएस एजी) को औपचारिक स्कूली शिक्षा में फिर से नामांकित करने के लिए 07 मार्च, 2022 को कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव अभियान नामक एक विशेष अभियान शुरू किया गया था। प्रबंध पोर्टल की अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, 22 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 1,44,107 ओओएस एजी की पहचान और मैपिंग की गई। इनमें से 1,00,786 ओओएस एजी को शिक्षा प्रणाली में वापस नामांकित किया गया है।

(घ) और (ड़): ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

****